लेखक की अपनी स्वतंत्र दृष्टि-भंगी तथा वैयक्तिक शैली की छाप पुस्तक के प्रत्येक पृष्ठ पर स्पष्टरूपेण अंकित मिलेगी और कालिदास आदि के अध्येताओं को भारतीय साहित्य की सनातन प्राण-धारा को हृदयंगम करने में प्रचुर सहायता मिलेगी। साहित्य की व्यापक दृष्टि से महाकवि की विविध छवियों एवं भावभूमियों का जैसा सुन्दर तथा सर्वांगीण विश्लेषण इस पुस्तक में किया गया है और जितनी सामग्री इसमें एकत्र समाविष्ट की गई है, वह अब तक प्रकाशित किसी एक पुस्तक में उपलब्ध नहीं होगी। मूल्य ८-००

रघुवंशमहाकाव्यम्

'सुधा' संस्कृत-हिन्दी व्याख्यासहित

प्रत्येक श्लोक में क्रमशः अवतरण, श्लोक, मल्लिनाथकृत सञ्जीविनी टीका, अन्वय, 'सुधा' व्याख्या कोश, समास, व्याकरण, वाच्यपरिवर्तन, तात्पर्यार्थ, हिन्दीभाषार्थ आदि विविध उपयुक्त विषयों से अलंकृत परीक्षोपयोगी टीका के साथ रघुवंश का यह सर्वश्रेष्ठ संस्करण है।

प्र० सर्ग ०-७५, द्वि० सर्ग ०-७५, १ व ५ सर्ग १-५०, २-३ सर्ग १-५० १-४ सर्ग २-५०, १-५ सर्ग ३-००, मूल्य पृथक् पृथक् प्रत्येक सर्ग ०-७५

रसराज

व्याख्याकार–रामजी मिश्र

काशी हिन्दूविश्वविद्यालय

प्रस्तुत पुस्तक में कविवर मतिराम के प्रसिद्ध रीतिशास्त्रीय ग्रन्थ 'रसराज' की सुन्दर व्याख्या की गई है। भानुदत्त की रसमञ्जरी तथा रसतरङ्गिणी, संस्कृत के इन दो ग्रंथों का निर्देश करते हुए मतिराम के लक्षणों के मूल स्रोतों का भी संकेत कर दिया गया है। मतिराम की भाव-व्यञ्जना एवं कल्पना-चित्रों की इसी तरह के अन्य कवियों के स्थलों से तुलना करके व्याख्या और अधिक उपयोगी तथा विवेचनापूर्ण बना दी गई है।

व्याख्या के आरम्भ में जो विशद भूमिका संलग्न है उसमें रीतिकालीन सामाजिक, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए रीतिकालीन कवियों एवं आचार्यों में मतिराम का महत्त्व प्रतिपादित किया गया है और उनके महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ की रीतिकालीन साहित्यशास्त्र को क्या देन रही है, इसका समुचित संकेत किया गया है। भूमिका में व्याख्याकार ने अब तक की समस्त नवीन गवेषणाओं और उपलब्धियों का समाहार करते हुए पाठकों के लिये प्रस्तुत संस्करण को सब दृष्टियों से सुन्दर एवं उपयोगी बना दिया है। मूल्य ७–५०

साहित्य और सिद्धान्त

प्रो० श्यामलाकान्त वर्मा

(वाराणसी की उत्तरमध्यमा परीक्षा में पाठ्यस्वीकृत)

हिन्दी साहित्य एवं काव्यशास्त्र के सम्पूर्ण ज्ञातव्य विषयों का सारसङ्कलन स्वरूप यह ग्रन्थ छात्रों, अध्यापकों तथा अनुसन्धित्सुओं के लिए परम उपयोगी है। ३–००

काव्याङ्गनिर्णय

प्रो० जंगबहादुर मिश्र

सन् १९५७ ई० से हाई स्कूल तथा इण्टरमीडियेट परीक्षाओं के पाठ्यक्रम में अलंकार और छन्द भी स्वीकृत कर लिए गये हैं। छात्रों को इन विषयों के ज्ञान की प्राप्ति में सहायता देकर सुलभता प्रदान करना ही इस पुस्तिका का लक्ष्य है। इस पुस्तिका से हाईस्कूल तथा विश्वविद्यालयों एवं सम्मेलन-परीक्षाओं के छात्रों को समान रूप से लाभ होगा। मूल्य १–००

पाणिनिकालीन भारतवर्ष

(पाणिनिकृत अष्टाध्यायी का सांस्कृतिक अध्ययन)

डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल

इस ग्रंथ में महर्षि पाणिनि विरचित संस्कृत-व्याकरण के सूत्रों के आधार पर उस काल के भारतीय जीवन और संस्कृति का विस्तृत प्रामाणिक अध्ययन है। अष्टाध्यायी के कितने ही भूले हुए शब्दों को यहाँ नये अर्थों के साथ समझाने का प्रयास किया गया है। ऐसे लगभग ३००० शब्दों की अकारादि-क्रम-सूची ग्रन्थान्त में सन्निविष्ट है। लेखक की मान्यता है कि प्राचीन भारतीय संस्कृति-विषयक प्रामाणिक जानकारी प्राप्त करने के लिये पाणिनीय सामग्री का अध्ययन आवश्यक है। मूल्य १५-००

हिन्दी प्राकृत व्याकरण

आचार्य मधुसूदनप्रसाद मिश्र

हिन्दी में प्राकृत-व्याकरण का पूर्ण ज्ञान कराने के लिये तथा प्राकृत पढ़ने वाले विद्यार्थियों के हित की दृष्टि से विद्वान् लेखक ने इसमें महाराष्ट्री, मागधी, शौरसेनी, पैशाची, अपभ्रंश आदि प्राकृत के सभी अवान्तर भेदों का अत्यन्त सुबोध रूप से प्रतिपादन करके एक बहुत बड़ी कमी को पूर्ण किया है। पाद टिप्पणियाँ, तुलनात्मक अध्ययन की सामग्री एवं ग्रन्थान्त में परिशिष्ट दे देने से इसकी महत्ता और भी बढ़ गयी है। मूल्य ५-००

हिन्दी-वैदिक-व्याकरण

आचार्य उमेशचन्द्र पाण्डेय

इस पुस्तक में वेद के व्याकरण को सरल एवं सुबोध रूप में लिखा गया है। विश्वविद्यालयों की बी. ए. एवं एम. ए. कक्षाओं में अनिवार्य रूप से वेद पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिये विशेष रूप से लिखी गई इस पुस्तक में नवीन एवं प्राचीन अध्ययन-पद्धति का समन्वय किया गया है। स्वर-चिह्न, पदपाठ आदि के सम्बन्ध में विद्यार्थियों की प्रत्येक कठिनाई दूर की गई है और अन्त में क्रिया-रूपों का एक लघुकोश भी दे दिया गया है। वेद के मन्त्रों को समझने के लिये एवं वेद के व्याकरण के लिये यह पुस्तक निश्चित रूप से सहायक एवं महत्त्वपूर्ण है। बी. ए. तथा एम. ए. में वेद एवं ऋग्वेद प्रातिशाख्य पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिये यह पुस्तक परीक्षोपयोगी होने के साथ-साथ वेद में रुचि दिलाने वाली एवं उनके मार्ग को प्रशस्त करने वाली है। मूल्य २-००

असामान्य मनोविज्ञान
(ABNORMAL PSYCHOLOGY)

प्रो० रामकुमार राय
मनोविज्ञान विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

२३ अध्यायों की इस अद्वितीय पुस्तक में प्रायः सभी भारतीय विश्वविद्यालयों के बी. ए. तथा एम. ए. के असामान्य मनोविज्ञान के पाठ्यक्रमों में सम्मिलित विषयों का समावेश है। अतः यह पुस्तक विद्यार्थियों की एक बहुप्रतीक्षित माँग की पूर्ति करती है।

प्रस्तुत पुस्तक के अवलोकन द्वारा सामान्य व्यक्तियों को भी अपनी भावना-ग्रन्थियों को समझने, उनका समाधान करने तथा पारिवारिक और सामाजिक जीवन में अपना अत्यन्त सफल अभियोजन करने में विशेष सहायता मिलेगी।

विद्वान् लेखक को प्राध्यापक पद से शिक्षण तथा कलकत्ते में मनोवैज्ञानिक के पद पर रहकर विद्यार्थियों को मनोवैज्ञानिक और शैक्षणिक निर्देशन देने का दीर्घकालीन अनुभव होने के कारण पुस्तक में विषय-प्रतिपादन अत्यन्त विद्वत्तापूर्ण और विशद तो है ही, साथ ही साथ साहित्यिक और प्रांजल भाषा-शैली ने इसे और भी बोधगम्य बना दिया है।

सम्पूर्ण पुस्तक प्रसंगानुसार असामान्यताओं के उदाहरणों से युक्त और उपयुक्त रेखाचित्रों से सुसज्जित है जिससे इसकी सुबोधता, उपयोगिता और आकर्षण बहुत बढ़ गया है। अन्त में अंग्रेजी-हिन्दी, हिन्दी-अंग्रेजी पर्याय सहित पारिभाषिक शब्दानुक्रमणिका एवं एक विस्तृत सहायक-ग्रन्थ-सूची भी दे दी गई है। छपाई, कागज, गेटअप आधुनिकतम मूल्य १०-००

श्रीविष्णुस्मृतिः
'वैजयन्ती' टीका तथा टिप्पणी सहित

सम्पादक—**श्री जे० जॉली**

इण्डिया आफिस लाइब्रेरी में सुरक्षित श्री कोलब्रुक आदि विद्वानों द्वारा अन्विष्ट पाण्डुलिपियों के आधार पर संशुद्ध, नन्दपण्डित कृत 'वैजयन्ती' टीका तथा सम्पादकीय टिप्पणियों सहित यह दुर्लभ संस्करण प्रकाशित किया जा रहा है। पूरे ग्रन्थ में आए वैदिक मंत्रों के प्रतीकों तथा स्मार्त पारिभाषिक शब्दों की अनुक्रमणिकाएँ भी ग्रन्थान्त में संलग्न हैं। शीघ्र प्रकाशित होगी

कौटिल्य-अर्थशास्त्रम्

(हिन्दी व्याख्या सहित)

व्याख्याकार-श्री वाचस्पति शास्त्री गैरोला

प्रस्तुत अनुवाद में इस वात का पूरी तरह ध्यान रखा गया है कि अनुवाद की भाषा सुगम तथा वाक्ययोजना लघु हो। अर्थशास्त्र के अध्ययन की दिशा में एक बड़ी कमी यह दिखाई देती है कि सारे ग्रन्थ को समाप्त कर लेने के वाद भी छात्र प्रस्तुत विषय की गहनता एवं व्यापकता से अछूता ही रह जाता है; और आधुनिक दृष्टि से अर्थशास्त्र का क्या महत्त्व है, इस सम्वन्ध में तो उसको तनिक भी ज्ञान नहीं होता। इन कमियों को दूर करने के लिए प्रस्तुत ग्रन्थ की विस्तृत भूमिका में वैदिक युग के आदिम साम्य संघ से लेकर दासराज्यों, गणराज्यों और उनके वाद अधिष्ठित साम्राज्यों के उदय-अस्त का समीक्षण ऐतिहासिक दृष्टिकोण से किया गया है तथा अर्थशास्त्र के क्षेत्र में नई चेतना को जन्म देने और आधुनिक दृष्टि से उस पर नये सिरे से विचार करने वाले कार्ल मार्क्स, एंगेल्स और लेनिन जैसे राजनीतिज्ञों एवं धुरन्धर अर्थशास्त्रियों के सिद्धांतों की समीक्षा भी विस्तार से की गई है इन वातों के अतिरिक्त ग्रन्थ के परिशिष्ट में अर्थसहित एक पारिभाषिक शव्दावली भी संलग्न की गई है जिससे कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' में प्रयुक्त पारिभाषिक शव्दावली का घनिष्ठ सम्वन्ध है। मूल्य १६-००

कौटिल्य का अर्थशास्त्र

(शोधपूर्ण हिन्दी रूपान्तर)

रूपान्तरकार-श्री वाचस्पति शास्त्री गैरोला

आलोचनात्मक मनोवैज्ञानिक विमर्श, पारिभाषिक संस्कृत-हिन्दी शव्दकोश ऐतिहासिक प्रस्तावनादि अनेक विषयों से विभूषित। मूल्य १०-००

कथासंवर्तिका

(वालोपयोगी मनोरम कथानक संग्रह)

सन्धिविरहित अतिसरल तथा सारगर्भित संस्कृत में लिखी कथाओं की यह पहली पुस्तक है, जो आपके मन को अनायास खींचे विना न रहेगी। कहानियाँ अपने ढंग की निराली होती हुई भी नीति और शिक्षापूर्ण हैं। प्रत्येक कथा के आदि में नीतिवाक्य अथवा शिक्षावाक्य उद्धृत होने से पुस्तक और भी उपादेय वन गई है।

मूल्य ०-७५

गोस्वामी तुलसीदास

आचार्य सीताराम चतुर्वेदी

गोस्वामी तुलसीदासजीके ग्रन्थ प्रायः विश्वविद्यालयों के विभिन्न पाठ्यक्रमोंमें निर्धारित हैं। उन ग्रन्थों के सम्बन्ध में जिज्ञासु छात्र निरन्तर व्याख्यात्मक समीक्षा और विवेचन माँगते रहते हैं। आजकल जिस रीति से काव्य की समीक्षा और अन्तर्दृष्टि अपेक्षित होती है उसके लिये गोस्वामी तुलसीदास जैसे महाकवि पर व्याख्यानात्मक तथा विवेचनात्मक समीक्षा से युक्त सुलभ ग्रन्थ की अत्यन्त आवश्यकता थी। उसी आवश्यकता की पूर्ति के लिये गोस्वामीजी के जीवनचरित, उनकी रचनाओं और उनमें निहित दार्शनिक, आध्यात्मिक, साहित्यिक और भावात्मक तत्त्वों की मधुर, सरल और विस्तृत मीमांसा एक ही स्थान पर, एक ही ग्रन्थ में देने का प्रयास किया गया है। तुलसी का अध्ययन करने वाले छात्रों के अतिरिक्त तुलसी के काव्य मानस का रस पान करने वाले भक्तों और रसिकों के लिये भी इसमें अनल्प सामग्री भरी मिलेगी। संक्षेप में यही कहा जा सकता है कि तुलसी पर इतना प्रामाणिक, व्यापक और सरल ग्रन्थ इतने सस्ते मूल्य में दूसरा कोई प्राप्य नहीं है।

तुलसीदासजी के जन्मस्थान, जीवन की अनेक घटनाओं और उनकी रचना के विषय में जो अनेक प्रकार के भ्रामक मत-मतान्तर प्रचलित हैं उन सबका युक्तियुक्त समन्वयात्मक निराकरण और तुलसी-साहित्य की उन प्रमुख विशेषताओं से परिचित होने के लिये यह एक ही ग्रन्थ है जिनकी ओर सामान्य समीक्षकों का ध्यान अब तक नहीं पहुँच पाया था। मूल्य ३-००

काव्यवल्लरी

श्री व्यथितहृदय

प्रस्तुत पुस्तक में प्राचीन एवं अर्वाचीन हिन्दी कवियों के अलंकारयुक्त, उपदेशात्मक पद्य-रचनांशों का सुन्दर संकलन है। आदि में लगभग सौ पृष्ठों की विस्तृत समालोचनात्मक भूमिका है जिसमें हिन्दी-साहित्य के इतिहास पर भी उत्तम प्रकाश डाला गया है। प्रत्येक कवि की रचना का अंश देने से पूर्व उस कवि के जन्म, जन्मस्थान, शिक्षा-दीक्षा, जीवनवृत्त, रचनाएँ, भाषा-शैली आदि के विवेचन से युक्त समालोचनात्मक परिचय भी दिया गया है। छात्रों को हिन्दी पद्य-साहित्य का ज्ञान कराने की दृष्टि से यह पुस्तक सर्वश्रेष्ठ है। मूल्य ४-००

कादम्बरी : एक सांस्कृतिक अध्ययन

डॉ० श्री वासुदेवशरण अग्रवाल

प्राध्यापक—काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

प्रस्तुत ग्रन्थ में कादम्बरी का सम्पूर्ण कथासूत्र पूर्ण सुरक्षित रखा गया है। हिन्दी भाषा का प्रवाह एवं उसकी प्रकृति ऐसी है कि पाठक बाण की उत्कृष्ट संस्कृत शैली का रसमय लालित्य ग्रहण कर सकते हैं। गुप्तयुग की सांस्कृतिक सामग्री के सुरक्षित भण्डार की साहित्य, कला और इतिहास के आधार पर तुलनात्मक व्याख्या, प्रत्येक स्थल और कठिन शब्दों की सुस्पष्ट व्याख्या तथा कादम्बरी की रचना में कवि का मूल प्रयोजन क्या था, आरम्भ में राजा का नाम शूद्रक क्यों रखा गया, अच्छोद सरोवर क्या है, महाश्वेता और कादम्बरी किस-किस के प्रतीक हैं, आदि अनेक प्रश्नों का समाधान उल्लेखनीय विशेषताएं हैं। अपने युग की जिस समस्या का समाधान बाण महोदय कादम्बरी-द्वारा करना चाहते थे उसका भी लेखक ने सप्रयोजन स्पष्टीकरण कर दिया है। ग्रन्थ के आरंभ में ३५२ अनुच्छेदों की विस्तृत विषय-सूची और अन्त में कुछ विशिष्ट शब्दों की अनुक्रमणिका भी दी गई है।

विद्यार्थी, अध्यापक एवं साहित्य-प्रेमियों को अविलम्ब इस महत्त्वपूर्ण उपादेय ग्रन्थरत्न का संग्रह करना चाहिए। मूल्य १३–७५

हिन्दी कादम्बरी : महाश्वेतावृत्तान्त

श्री प्रद्युम्न पाण्डेय

विभिन्न विश्वविद्यालयों की बी० ए० परीक्षा में निर्धारित इस पुस्तक में कादम्बरी के महाश्वेतावृत्तान्त भाग की अत्यन्त स्पष्ट, सरस एवं सुबोध हिन्दी व्याख्या प्रस्तुत की गई है। अनुवाद करने में यह ध्यान रखा गया है कि छात्र उससे मूल के भावों तक पहुँच सकें, साथ ही कथा की धारा भी न टूटने पाए। पुस्तक के आदि में महाकवि बाण और 'कादम्बरी' के एक विशिष्ट पार्श्वचरित महाश्वेता की विशेषताओं पर पूर्ण प्रकाश डाला गया है जिसमें आधुनिक आलोचना के मापदण्डों का प्रयोग हुआ है। अन्त में क्लिष्ट शब्दों और वाक्यों की संस्कृत एवं हिन्दी व्याख्या तथा दो परिशिष्टों में बाण की अन्य विशेषताओं का उल्लेख भी कर दिया गया है। मूल्य २–००

हिन्दी कादम्बरी : शुकनासोपदेश

व्याख्याकार–झा वन्धु

इसमें समस्त शब्दों का विग्रह भी दे दिया गया है जो अर्थ को स्पष्ट करने में सहायक होगा। मूल ग्रन्थ के वास्तविक अभिप्राय को समझने के लिये अत्यन्त सरल संस्कृत में उसकी व्याख्या की गयी है जिससे छात्रों में भी स्वयं सरल संस्कृत व्याख्या करने की शक्ति और प्रवृत्ति उत्पन्न हो। प्राञ्जल तथा मुहावरेदार हिन्दी में अनुवाद किया गया है जिससे प्रवाह वना रहे और अनुवाद पढ़ते समय मूल ग्रन्थ का रसास्वादन भी होता रहे। इन सवके अतिरिक्त इसकी टिप्पणी में ग्रन्थ में आये पारिभाषिक शब्दों की प्रामाणिक व्याख्या और उसका इतिहास भी लिखा गया है जो छात्रों के ज्ञान-विस्तार में सहायक होगा। अलङ्कारों का भी यथास्थान निर्देश कर दिया गया है। विस्तृत भूमिका में वाण-सम्वन्धी समस्त आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर वहुत ही प्रामाणिक रूप से दिये गये हैं।

मूल्य ३–००

कादम्बरी

'चन्द्रकला' संस्कृत-हिन्दी व्याख्या

कथामुख भाग मूल्य ३–७५] [पूर्वार्द्ध मूल्य १३–५०

इस संस्करण की सरल सुवोध संस्कृत टीका में प्रत्येक शब्द के पर्याय, समास, विग्रह, कोश, अलंकार आदि से मूल के पद-पद की ग्रन्थियाँ खोल दी गई हैं। इसकी हिन्दी व्याख्या मूल के अनुरूप ही पदविच्छेदपूर्वक सरल शब्दों में संशोधित करके की गयी है जिससे हिन्दी-अंगरेजी के छात्र भी कादम्बरी का अध्ययन विना गुरु के स्वयं ही कर सकेंगे। इस संस्करण की आधुनिकता पर मुग्ध होकर वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय, हिन्दू विश्वविद्यालय तथा विहार–संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रमुख विद्वानों ने जो उद्गार प्रकट किए हैं, वे पुस्तक में प्रकाशित कर दिए गए हैं। कादम्वरी–समीक्षा, कथासार आदि से सुसज्जित शोधपूर्ण द्वितीय संस्करण।

हिन्दी काव्यप्रकाश

व्याख्याकार—डॉ० सत्यव्रत सिंह

१–३ उल्लास मूल्य ३–००] **[संपूर्ण मूल्य १०–००**

अनेक विश्वविद्यालयों के अधिकारी वर्ग ने आधुनिक पद्धति की विशालकाय इस हिन्दी व्याख्या पर मुग्ध होकर इसी संस्करण को अपने पाठ्यक्रमों में निर्धारित कर लिया है। संस्कृत-हिन्दी-अंगरेजी में समानरूप से इस ग्रन्थ की व्यापकता को देखकर तदनुकूल ही इसकी व्याख्या की गयी है। व्याख्या के साथ-साथ टिप्पणी (नोट्स) में वे सभी विषय दिये गये हैं जो वामनी, काव्यादर्श, ध्वन्यालोक-लोचन आदि में बिखरे पड़े हैं। राष्ट्रभाषा हिन्दी में इस प्रकार का सर्वांगपूर्ण सुसज्जित संस्करण प्रथम वार ही छपा है। परिष्कृत द्वितीय संस्करण।

हिन्दी काव्यप्रकाश : दशम उल्लास

डॉ० सत्यव्रत सिंह

विश्वविद्यालयों की एम. ए. परीक्षा में पाठ्य-ग्रन्थ रूप में स्वीकृत 'काव्यप्रकाश' का दशम उल्लास अति क्लिष्ट माना जाता है। इसका विषय है अर्थालङ्कारों का विवेचन। प्राचीन पद्धति से लिखे हुए इस ग्रन्थ का आशय नयी पीढ़ी के छात्रों को समझना कठिन जानकर विज्ञ टीकाकार ने व्यवस्थित भाषा में मूल के नीचे भाषानुवाद अङ्कित करके अपनी टिप्पणी (विमर्श) द्वारा ग्रन्थियों का सम्यक् समुन्मोचन कर दिया है। आलोचनात्मक विषयों का विशद ज्ञान सुविस्तृत भूमिका द्वारा ही हो जाता है। मूल्य ५–००

वाक्यपदीयम् : ब्रह्मकाण्डम्

'भावप्रदीप' संस्कृत टीका हिन्दी अनुवाद सहित

प्रस्तुत संस्करण में मूल के साथ न्याय-व्याकरण-साहित्याचार्य श्री पण्डित सूर्यनारायण शुक्ल द्वारा प्रस्तुत 'भावप्रदीप' संस्कृत टीका तथा उन्हीं के आत्मज न्याय-व्याकरण-साहित्याचार्य श्री पं० रामगोविन्द शुक्ल कृत हिन्दी अनुवाद प्रकाशित किया गया है। 'आचार्य भर्तृहरि और उनका वाक्यपदीय' शीर्षक विस्तृत भूमिका में भर्तृहरि का समय, उनका वैदिक होना, वाणी के भेद, नागेश पर शैव दर्शन का प्रभाव, प्रतिभावाद आदि विषयों पर विस्तृत विवेचन प्रस्तुत किया गया है। भूमिका मात्र के अध्ययन से वाक्यपदीय का बहुत-कुछ सारांश अधिगत हो जाता है। मूल्य ४–५०

हिन्दी-साहित्यदर्पण

'शशिकला' हिन्दी व्याख्या सहित

व्याख्याकार—डॉ० सत्यव्रत सिंह

मूल्य संपूर्ण १२-५०] [केवल षष्ठ परिच्छेद मात्र ४-५०

इस संस्करण की विशेषता—इस संस्करण में पहले सर्वबोध्य सुगम भाषा में मूल का व्यवस्थित अनुवाद अंकित किया गया है तत्पश्चात् विमर्शाख्य विशद व्याख्या प्रस्तुत की गई है जिसके द्वारा विषय की दुरूह ग्रन्थियों का वस्तुतः सम्यक् समुन्मोचन बन पड़ा है। इसमें कहीं भी मूल की उपेक्षा हुई प्रतीत नहीं होती। छोटे-छोटे वाक्योंवाली सरस, सरल एवं विषय के अनुरूप ललित भाषा का प्रयोग करके नाट्यशास्त्रकार, अभिनवभारतीकार, भावप्रकाशनकार तथा रसार्णवसुधाकर के रचयिता आदि अनेक साहित्यमर्मज्ञों के मतों की सहायता से भ्रामक मत-मतान्तरों के निरासपूर्वक इस कौशल से विषय का यथार्थ स्वरूप प्रतिपादित किया गया है कि एक बार पढ़ लेने मात्र से हृदयपटल पर विषय अंकित-सा हो जाता है। आरम्भ में १०० पृष्ठों की विस्तृत भूमिका है जिसमें कुछ अलङ्कारों पर वैज्ञानिक शोधसम्बन्धी दृष्टिकोण, स्वरूप तथा परस्पर वैषम्य सङ्केतित हैं।

अभिज्ञानशाकुन्तलम् (चतुर्थ अङ्क)

व्याख्याकार—श्री देवदत्त शास्त्री

विविध विश्वविद्यालयों में पाठ्यस्वीकृत इस चतुर्थ अङ्क की ऐसी अनुशीलनान्वयार्थ संस्कृत-हिन्दी व्याख्या कर दी गई है कि परीक्षार्थी स्वयं इस ग्रन्थ का अनुशीलन कर सकेंगे। लगभग ४० पृष्ठ की विस्तृत भूमिका में महाकवि कालिदास और शाकुन्तल का समीक्षात्मक विवेचन किया गया है। मूल्य १-००

कृषकाणां नागपाशः (रूपकम्)

यदि आप मस्तिष्क पर बिना जोर दिये धारावाहिक तथा फड़कती शैली में संस्कृत पढ़ना चाहते हों तो इस लघु पुस्तक को अपना साथी बनाइये। लेखक ने ग्रामीण पृष्ठभूमि पर आधृत रूपक के पात्रों में जान डाल दी है। सर्जन होते ही यह रूपक इलाहाबाद रेडियोस्टेशन के रंगमंच से पुरस्कृत हो चुका है। मूल्य ०-५०

कलाविलासिनी वासवदत्ता

श्री देवदत्त शास्त्री

* कला ही जीवन है और जीवन ही कला है। जो जीवन और कला की उपासना संयुक्तरूप में करता है वही कलाकार है, वही जीने की कला जानता है। इसी सिद्धान्त का व्यावहारिक विवेचन इस पुस्तक की कलामयी रोचक कहानियों में है।

* प्राचीन भारत के नागरक की दिनचर्या, उसकी कलाप्रियता और उसका मुस्कराता हुआ जीवन-दर्शन गवाक्ष बनी हुई इन कहानियों से झाँकता है।

* अपने समय की बेजोड़ रमणी महारानी वासवदत्ता के मोहक कलाविलास का परिचय कौमुदीमहोत्सव, मदनमहोत्सव जैसे उत्सवों, सरस्वती पूजन, काव्य-संगीत-गोष्ठियों और रंगरूप के कलात्मक आयोजनों से प्राप्त करेंगे।

* दाम्पत्य जीवन, सपत्नी जीवन, निराश, पराजित जीवन को सुखद, प्राणद और प्रेरक बनाने की कला मधुर, मोहक कथाओं द्वारा सिखाती है कला-विलासिनी वासवदत्ता।

* कलाविलासिनी वासवदत्ता से हमें कभी न झुकने वाला, कभी न कुंठित होने वाला कलात्मक स्वाभिमान मिलता है और मिलती है देश के प्रति, देव के प्रति तथा देह के प्रति एक आस्था, एक निष्ठा और कभी न सूखने वाली आनन्द की निर्झरिणी।

इस युग के भारतीय नागरक की दिनचर्या और रात्रिचर्या तक में कलाओं का प्रभाव और प्राधान्य था। इतिहास द्वारा उपेक्षित उदयन और वासवदत्ता इस युग के ऐसे दो ध्रुव हैं जहाँ पर चौसठ कलाओं का अस्तित्व और विकास निहित रहा है।

कलाविलासिनी महारानी वासवदत्ता की कलाविलासिता में भोग और योग का पूर्ण समन्वय था। उनकी मुस्कराती हुई जिन्दगी ने कला को नई मुस्कान, नई प्रेरणा देकर भारतीय नागरिक जीवन को ऐसा कलाविलास दिया जिससे हमारी संस्कृति, हमारा साहित्य अनुप्राणित हुआ। मूल्य २-५०

चिन्तन के नये चरण

श्री देवदत्त शास्त्री

चिन्तन के नये चरण में भारतीय संस्कृति, साहित्य और इतिहास की चिरन्तन आस्थाएं, नई दृष्टि और नई स्थापनाएँ हैं। भाषा-विज्ञान प्रकरण में लिपिविज्ञान और अक्षर-विज्ञान संबंधी जो मान्यताएँ प्रस्तुत की गई हैं वे आर्ष सिद्धान्तों के सर्वथा अनुकूल और प्रामाणिक हैं। इस विषय के विवेचन में शब्दसंयम-पद्धति का परिचय आधुनिक भाषा-विज्ञान के लिए सर्वथा नई खोज है। मनोविज्ञान प्रकरण में मरणोत्तर जीवन का रहस्य, परलोकगत आत्माओं से साक्षात्कार, मणि, मंत्र, यंत्र, तंत्र आदि उन सापेक्ष्य विषयों पर, जिनकी उपेक्षा की जा रही है, मनोवैज्ञानिक ढंग से चिन्तन किया गया है। रत्नों और मणियों तथा यंत्र, मंत्र का हमारे जीवन और विचारों पर कैसा प्रच्छन्न प्रभाव पड़ता है—इसका व्यावहारिक ढंग से विवेचन किया गया है।

सतयुग से पूर्व देवयुग में साध्य, महाराजिक, आभास्वर आदि वर्ग जातियों) के लोग कितने वैज्ञानिक थे। भारतीय सभ्यता कितनी समुन्नत थी। भारतवर्ष की सीमा कितनी विशाल थी तथा रावणपालित लंका वर्तमान श्रीलंका थी या लक्कदिव मालदिव—इन ऐतिहासिक समस्याओं पर इतिहास, भूगोल के धरातल पर खोजपूर्ण संशोधन इतिहास प्रकरण में प्रस्तुत किये गए हैं।

उपनिषत्काल में भारत में विभिन्न संस्कृतियों का संगम कैसे हुआ, उसका प्रभाव हमारी दार्शनिक विचारधारा एवं साहित्य और समाज पर क्या पड़ा तथा उपनिषद् साहित्य का अन्तरंग क्या है, पुराणों के प्रतीकों का रहस्य क्या है-इत्यादि विषयों पर गंभीर चिन्तन पुराण-उपनिषद् प्रकरण में किया गया है।

नृत्य, नाटक, अभिनय और रंगमंच की सहस्रों वर्ष प्राचीन परम्परा तथा रंगमंच के उद्देश्य और विधान का गवेषणात्मक विवेचन नृत्य-नाटक-रंगमंच प्रकरण में किया गया है।

उपर्युक्त विषय सामान्य, सर्वजनीन और लोकोपयोगी हैं। इन पर लेखकने जो दृष्टिकोण व्यक्त किये हैं वे सर्वथा मौलिक, प्रामाणिक और विद्यार्थियों तथा साहित्यकारों के लिये कल्याण मित्र बनकर उनका श्रेय-सम्पादन करते हैं। मूल्य ६—००

हिन्दी के पौराणिक नाटक

डॉ० देवर्षि सनाढ्य, शास्त्री

भारतीय पुराणों ने किस प्रकार भारतीय जन-मन को प्रभावित किया है और किस प्रकार पुराण की दिव्य कथाओं ने भारतीय मनीषा को प्रेरित किया है, इन सबका प्रामाणिक विवरण इस शोध-ग्रन्थ में उपस्थित किया गया है। संस्कृत, बंगला, मराठी, गुजराती, उर्दू, कन्नड़, तेलगु, तमिल, मलयालम आदि भारतीय भाषाओं में पौराणिक नाटकों की परम्परा का इतिवृत्त उपस्थित करते हुए लेखक ने हिन्दी के पौराणिक नाटकों का आलोचनात्मक इतिहास भी इस ग्रन्थ में प्रस्तुत किया है और इस प्रकार यह सिद्ध कर दिया है कि भारतीय जनरुचि, संस्कृति तथा सभ्यता के मूल में एक ही प्रेरणा काम कर रही है।

मूल्य १०—००

जीवन-दर्शन

डॉ० मुंशीराम शर्मा

जीवन क्या है ? वह कैसे विकसित होता है तथा उन्नत बनता है ? जीवनपथ में कैसे-कैसे मोड़ आते हैं ? जीवन के भौतिक तथा आध्यात्मिक उपादान क्या हैं ? पाश्चात्य तथा पौरस्त्य मनीषियों ने उसके सम्बन्ध में अपने क्या विचार अभिव्यक्त किये हैं ? आगे बढ़ने तथा ऊंचा चढ़ने में क्या अन्तर है ? जीवन-पथ का गन्तव्य कहाँ समवसित होता है ? त्याग और बलिदान, ज्ञान और कर्म, आनन्द और प्रकाश जीवन के किन स्तरों को आलोकित करते हैं। यदि आप इन प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करना चाहते हैं तो 'जीवन-दर्शन' पढ़िये। लेखक के वैज्ञानिक, दार्शनिक, आध्यात्मिक तथा साहित्यिक अध्ययन का सार इस ग्रन्थ में सुरक्षित है। 'जीवन-दर्शन' पढ़ कर ही आप जीवन का वास्तविक मूल्याङ्कन कर सकेंगे।

मूल्य २—५०

भक्ति-तरंगिणी

डॉ० मुंशीराम शर्मा

भक्ति-भाव से ओत-प्रोत वेद-मन्त्रों का सरस हिन्दी गीतों में अनुवाद, परम सत्ता के प्रति ऋषियों के मार्मिक हृदयस्पर्शी उद्गार, प्रभु का गुण कीर्तन, भक्त के अन्तस्तल को चीरकर निकली हुई शरण-याचना की पुकार, विरह व्याकुलता, साधन और सिद्धि के उद्बोधनकारी, तृप्तिविधायक उदात्त भाव—सबका एक साथ अनुभव कराने वाली भक्तितरंगिणी अध्यात्मपथ के यात्रियों के लिये अनुपम सम्बल सिद्ध होगी।

मूल्य ३—००

भक्ति का विकास

डॉ० मुंशीराम शर्मा

अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, डी. ए. वी. कालेज, कानपुर

ईश्वरतत्त्व की वैदिक दृष्टिकोण से की हुई व्याख्या, साहस एवं पाण्डित्य चिन्तन, वेदों के अनेक-देवपरक स्तुतिमन्त्रों का एक में समन्वय तथा विभिन्न वे शास्त्रों के प्रतिपाद्य के एकत्व का प्रमाणसिद्ध, तर्कसंगत एवं युक्तिपूर्ण दार्शनि विवेचन प्रथम वार ही हिन्दी में इतनी स्पष्टतापूर्वक आपको इस ग्रन्थ में प्र होगा। ग्रन्थ के दो भाग विवेच्य विषय के विभाग के अनुसार अनेक उपभा में विभाजित हैं।

सहस्राब्दियों पूर्व से आज तक प्रकाश में आए समस्त संप्रदायों, उ शाखाओं तथा रामानुज, वल्लभ, चैतन्य, तुलसी, सूर आदि महान् सन्त भक्तों साहित्य का साङ्गोपाङ्ग गम्भीर अध्ययन करके लिखे गए उनके भक्तिविषयक दृ कोण का अत्यन्त प्रामाणिक विवेचन पढ़कर आप यह सरलता से जान जा कि भगवत्प्राप्ति के एकमात्र उपाय 'भक्ति' का किस समय कहाँ क्या रूप र किन लोगों ने कैसे उसे किस रूप में समझा और समझाया, उसके वेद-शास्त्र-स सम्मत स्वरूप का किस क्रम से विकास हुआ और किस रूप में आज हम हृदयङ्गम करके आत्मकल्याण के भागी बन सकते हैं।

अत्यन्त संक्षेप में हम कह सकते हैं कि परमपुरुषार्थरूप में प्राप्य 'भग और 'भक्ति' तत्त्व के विषय में जितना कुछ जानना आवश्यक है वह सब कौशल से इस ग्रन्थ में उपनिबद्ध है कि हिन्दी जाननेवाले प्रत्येक वर्ग, वर्ण स्तर के मानव इसे पढ़कर तुष्ट होंगे, उन्हें आत्मकल्याण का सर्वसम्मत अनायास सुलभ होगा तथा इस विषय के चिन्तकों को भविष्य में चिन्तन, म एवं अध्ययन के लिए नई दिशा, नया दृष्टिकोण प्राप्त होगा। मूल्य २०

श्रीमद्भगवद्गीता

सानुवाद मधुसूदनीव्याख्या सहित

अनुवादक—स्वामी श्री सनातनदेव जी महाराज

गीता की सर्वमान्य सुप्रसिद्ध 'मधुसूदनी' व्याख्या कठिन होने के कारण पण्डितजनों के लिए ही बोधगम्य थी अतः साधारण संस्कृत अथवा हिन्दी भाषा जानने वाले को भी गीतामृत सुलभ कराने की दृष्टि से मधुसूदनी संस्कृत व्याख्या के साथ उसकी अक्षरशः हिन्दी व्याख्या भी प्रकाशित की गई है। हिन्दी व्याख्या अत्यन्त सरल, प्रवाहमय तथा मूल का प्रतिपद अनुवर्तन करने वाली है। सर्वत्र ही गूढ़ स्थलों को सुस्पष्ट करने के लिए मत-मतान्तर-निरासपूर्वक विषयवस्तु का यथार्थ बोध कराया गया है। वयोवृद्ध मुमुक्षुजनों के लाभार्थ बड़े टाइप में सुस्पष्ट मुद्रण किया गया है। पुरुषार्थचतुष्टय के साधन-पथ का सम्बल यह संस्करण जिज्ञासु व्यक्तिमात्र के लिए परम उपादेय है। कागज, मुद्रण, आकार, सज्जा आदि सभी मनोरम हैं। मूल्य १६—५०

पौराणिक कथाएँ

श्री पं० हृदयराम शर्मा

कथाओं के माध्यम से मानव को सब प्रकार का ज्ञान देना पुराणों का लक्ष्य है। किन्तु संस्कृत भाषा में होने के कारण सर्वसाधारण उससे लाभ नहीं उठा पाते। अतः विज्ञ लेखक ने उदात्त चरित्रों से परिपूर्ण लगभग ७४ पौराणिक कथाओं को लोकरुचि के अनुकूल रूप देकर सम्पादित किया है। आबालवृद्ध नर-नारी सभी को इसमें पर्याप्त रुचिपूर्ण उपदेशप्रद सामग्री मिलेगी। इन कहानियों से सबको सब प्रकार का अलौकिक ज्ञान प्राप्त होगा, अनायास ही पुराणों का मर्म समझ में आवेगा तथा कथा-कहानी कहने-सुनने की प्रवृत्ति तुष्ट होते हुए उत्कृष्ट मनोरंजन भी होगा। छात्र-छात्राओं के लिये तो अत्यंत उपयोगी पुस्तक है। २—५०

युगपरिवर्तन

[कब, क्यों और कैसे ?]

सन् १९६२ में आठ ग्रहों के एकराशिगत होने की विश्व पर होने वाली भयंकर प्रतिक्रियाएँ, युगान्तरकारी अनर्थों द्वारा कलियुग का अन्त एवं सतयुग के आगमन द्वारा विश्व-कल्याण की संभावना; शास्त्रसम्मत कालविभाग, तात्कालिकी कर्तव्यता आदि पर लोकोत्तर महापुरुषों की भविष्यवाणियोंसहित विवेचन। १—५०

हिन्दुओं की प्रबुद्ध रचनाएँ

मूल लेखक—थि. गोल्डस्टूकर

अनुवादक—श्री चारुचन्द्र शास्त्री

वैदिक काल में आर्यों की संस्कृति और सभ्यता एवं उनके आचार-विचा कितने समुन्नत थे तथा किन उत्कृष्टतम ग्रन्थों से इसका प्रामाणिक विवरण प्रा होता है इसका विशद विवेचन प्राप्त करने के लिये राष्ट्रभाषा हिन्दी में पहल बार प्रकाशित प्रस्तुत पुस्तक अवश्य पढ़ें। एकबार देखकर ही आप इसर विशेषताओं से परिचित हो सकते हैं। विज्ञ लेखक ने इस ग्रन्थरत्न की रचना जो श्रम किया है वह लेखनी का विषय नहीं। मूल्य ४-०

संस्कृत साहित्य का इतिहास

आर्थर मैक्डॉनल (हिन्दी संस्करण) अनुवादक—श्रीचारुचन्द्र शास्त्री

मैक्डॉनल-प्रणीत 'हिस्ट्री आफ संस्कृत लिटरेचर' अपने विषय का सर्वमान तथा सर्वत्र पाठ्यस्वीकृत ग्रन्थ है। प्रस्तुत ग्रन्थ उसी का सरस अनुवाद है छात्रों तथा अध्यापकों के लिये नितान्त उपयोगी है। प्रथम भाग मूल्य ७-५

संस्कृतवाङ्मयपरिचयः

(शास्त्री परीक्षोपयोगी संस्कृत ऐतिहासिक ग्रन्थ)

पण्डित मधुसूदन प्रसाद मिश्र

वेद से लेकर बीसवीं सदी तक के संस्कृत साहित्य के ग्रन्थों का उद्गमकाल इतिहास तथा रचयिताओं के संक्षिप्त परिचय इस ग्रन्थ में दिए गये हैं। संस्कृत साहित्य में इस ढङ्ग का यह सर्वोत्कृष्ट ग्रन्थ है। मूल्य १-५

संस्कृतसाहित्येतिहासः (संस्कृत)

आचार्य रामचन्द्रमिश्र

(वाराणसी तथा विहार की शास्त्री परीक्षा में पाठ्यस्वीकृत)

इसमें वेद-वेदाङ्ग आदि से लेकर यथाक्रम काव्यकाल तथा वैशिष्ट्य-विवेचन आदि विषय हैं। अतिविस्तृत विषय को संक्षिप्त करना साधारण छात्रों के लिये कष्टकर होता है अतः संक्षेपमें ही विषय का यथार्थ ज्ञान कराया गया है। ४-००

विक्रमादित्य [संवत्-प्रवर्तक]

डॉ॰ राजवली पाण्डेय

भारतीय परम्परा में विक्रमादित्य का स्थान जितना ऊंचा और सुरक्षित है, उतना ही आधुनिक इतिहास के शोधकों और लेखकों ने या तो उनकी ऐतिहासिकता असिद्ध करने का प्रयत्न किया है अथवा कतिपय अन्य राजाओं से अभिन्नता प्रदर्शित करने की चेष्टा की है। इस प्रकार विक्रमादित्य भारतीय इतिहास की एक विकट समस्या बन गये हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ में इतिहास की इसी ग्रन्थि को सुलझाने का प्रयत्न किया गया है। अनेक मत-मतान्तरों की समीक्षा करके यह दृढ़तापूर्वक स्पष्ट किया गया है कि ५७ ई० पूर्व में विक्रमादित्य द्वारा बर्बर शकों का पराजय और मालवगण की पुनःस्थापना करके एक नवीन संवत् का प्रवर्तन असंदिग्ध ऐतिहासिक घटना है। इस घटना का बहुत बड़ा राष्ट्रीय महत्त्व है। इसके अतिरिक्त विक्रमादित्य के जीवन तथा तत्कालीन भारतीय इतिहास पर भी पर्याप्त प्रकाश डाला गया है। यह बहुत ही गवेषणापूर्ण और विचारोत्तेजक रचना है। भारतीय इतिहास के विद्यार्थियों और पाठकों के लिये अत्यन्त उपादेय है। छपाई-गेटअप आधुनिकतम। मूल्य १०-००

मार्कण्डेयपुराण : एक अध्ययन

आचार्य बदरीनाथ शुक्ल

प्राध्यापक-वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय

इस ग्रंथ में पहले तो पुराण-सामान्य का परिचय आदि है तदन्तर मार्कण्डेयपुराण के ऋषि, काल, कर्त्ता आदि के विवेचन के अनन्तर प्रति अध्याय क्रम से कथा उपन्यस्त है। कथा-सूत्र में कहीं भी त्रुटि नहीं आने पाई है। प्रत्येक कथा मौलिक सी प्रतीत होती है। लेखक की पाण्डित्य तथा अनुसन्धान से पूर्ण भूमिका तथा 'अध्ययन' का अध्ययन कर लेने पर पुराण-साहित्य की मर्मज्ञता सहज सुलभ हो जाती है। हिन्दी साहित्य में पुराण-साहित्य के अध्ययन का यह सर्वथा नवीन प्रयास है। ग्रन्थ कथावाचकों, पुराणानुरागियों तथा अनुसन्धित्सुओं के लिये परमोपयोगी है। मूल्य ४-५०

हिन्दी गाथासप्तशती

व्याख्याकार-श्री नर्मदेश्वर चतुर्वेदी

जो विद्वान् प्राचीन भारतीय समाज का चित्रण शास्त्रीय साहित्य में ही खोजते हैं, उनका ध्यान ऐसे साहित्य की ओर भी जाना चाहिये। स्त्री-पुरुष के सम्बन्ध को लेकर इसमें नाना भावों के निदर्शन पाये जाते हैं। पारिवारिक जीवन की तीव्र अनुभूतियों की झाँकी के साथ-साथ नायक-नायकादि की चेष्टाओं एवं मनोभावों की जानकारी प्राप्त करना भी इस पुस्तक द्वारा बहुत कुछ सुलभ हो जाता है। दक्षिण भारत के ग्रामीण जीवन का तो इसमें सजीव चित्रण है ही, भारतीय संस्कृति के अध्ययन की भी यह एक महत्त्वपूर्ण सामग्री प्रस्तुत करती है। इसमें अनुवाद के साथ-साथ विस्तृत भूमिका एवं उपयोगी परिशिष्ट भी सुलभ है। मूल्य ५-००

चन्द्रप्रभाचरितम्

म. म. श्री शङ्करलाल विरचित

यह अत्यन्त सरस हृदयग्राहिणी गद्यकथा है। इसका कथानक सविशेष रोचक है। इसकी शैली दण्डी एवं बाणभट्ट की ही भाँति उत्कृष्ट है। अनेक परीक्षाओं में पाठ्यस्वीकृत हो जाने के कारण सर्वबोध्य सुगम छात्रोपयोगी नोट्स भी प्रस्तुत कर दिये गए हैं जिससे यह संस्करण छात्रों, अध्यापकों तथा संस्कृत-प्रेमी जनों के लिए समान रूप से उपयोगी हो गया है। शीघ्र प्रकाशित होगा

किरातार्जुनीयम्

(तृतीय सर्ग) 'घण्टापथ' सुधा व्याख्या

आगरा विश्वविद्यालय में पाठ्यस्वीकृत इस तृतीय सर्ग की संस्कृत व्याख्या में अन्वय, समास-विग्रह, व्याकरण, वाच्यपरिवर्तन, भावार्थ आदि परीक्षोपयोगी विषय देकर हिन्दी व्याख्या तथा भूमिका में ग्रन्थ और ग्रन्थकार का तुलनात्मक विवेचन दिया गया है। मूल्य १-००

आचार्य किशोरीदास जी वाजपेयी की नवीन रचना—

भारतीय भाषाविज्ञान

महापण्डित राहुल सांकृत्यायन ने भूमिका में लिखा है:—

'आचार्य वाजपेयी हिन्दी-व्याकरण और भाषाविज्ञान पर असाधारण अधिकार रखते हैं। वे मानो इन्हीं दोनों विद्याओं के लिए ही पैदा हुए हैं।

वाजपेयीजी लीक पर चलने वाले पुरुष नहीं हैं। आधुनिक भाषाविज्ञानियों को यहाँ कुछ बातें खटकनेवाली मिलेंगी (क्योंकि यह एक एकदम मौलिक चीज है)। वाजपेयीजी ने इतने अधिक परिमाण में ठोस सामग्री यहाँ दी है, जिसके लिए हमें कृतज्ञ होना ही पड़ेगा। यह ग्रन्थ बहुत ही विचारोत्तेजक है; इसमें तो कोई सन्देह ही नहीं। ग्रन्थ-कर्ता ने अपने भाषा-संबन्धी विशेष ज्ञान एवं सूक्ष्म वैज्ञानिक दृष्टि से काम लेते हुए बहुत से ऐसे निष्कर्ष निकाले हैं, जिनसे आधुनिक भाषाविज्ञान भी असहमत नहीं हो सकता। वर्तमान भारतीय भाषाओं के तुलनात्मक विवेचन में वाजपेयी जी ने अपने कौशल का अच्छा परिचय दिया है। भाषाओं के ऐतिहासिक विकास पर भी अच्छा प्रकाश डाला है। वाजपेयीजी भारतीय भाषाविज्ञान के (इस रूप में) प्रथम मुनि हैं।

संक्षेप में यह समझिए कि भारतीय भाषाओं का मौलिक पद्धति पर विवेचन-विश्लेषण और वर्गीकरण इस ग्रन्थ में है। भाषा टकसाली, सुबोध और प्रवाहमयी है। विषय समझाने की शैली हृदयग्राही और रसमयी है।

प्रारंभ में वाजपेयी जी ने 'प्रासङ्गिक' जो कुछ कहा है और अन्त में जो परिशिष्ट है, उससे ग्रन्थ और अधिक खिल उठा है। अपने विषय की, अपने ढङ्ग की पहली चीज है।' बड़ा आकार, पृष्ठसंख्या ३४०; कागज, मुद्रण तथा आवरण सभी उत्कृष्टतम। मूल्य ६–२५

हितोपदेश-मित्रलाभः

सान्वय-किरणावली टीकासहित अश्लीलांशवर्जित यही ग्रन्थ प्रथम परीक्षा में पाठ्यरूप में स्वीकृत है। कोमलमति बालकों के लिए इसमें अन्वय, वाच्य-परिवर्तन, किरणावली व्याख्या, सरल भावार्थ तथा हिन्दीभाषार्थ आदि परीक्षोपयोगी सभी विषय दिये गये हैं। प्रस्तुत संस्करण में अश्लीलांश का सर्वथा बहिष्कार करके इसे बालोपयोगी बना दिया गया है। मूल्य १–००

समन्वय

भारतरत्न डॉ० भगवानदास जी

अर्वाचीन भारत के प्रज्ञाशील ऋषि डा० भगवानदास जी अपने राष्ट्रनिर्माण-कारी विचारों की अमूल्य निधि इस 'समन्वय' पुस्तक के रूप में छोड़ गए हैं। भारतीय वाङ्मय में सर्वत्र भारतीय प्रतिभा ने 'समन्वय' पर बल दिया है। उस मूल दृष्टिकोण की व्याख्या करने के लिए ही श्री भगवानदास जी ने 'सर्वमतसमन्वय' शीर्षक महान् लेख लगभग पौने दो सौ पृष्ठों में लिखा था जो इस ग्रन्थ में मुद्रित है। इसमें सरल शैली में समन्वय के सिद्धान्त की व्याख्या की गई है। सर्वत्र ऋषियों और मनीषियों के सुचिन्तित विचारों के मूल श्लोक प्रमाण रूप में उद्धृत किए गए हैं। इस ग्रन्थ का पारायण शिक्षा और आनन्द का साधक होगा। समन्वय की व्याख्या के अतिरिक्त गणपतितत्त्व और प्रणववाद के विवेचन पर भी तीन महत्त्वपूर्ण लेख इस ग्रन्थ में हैं। सब के अन्त में 'महासमन्वय' शीर्षक ७० पृष्ठों का एक अति विलक्षण निवन्ध मुद्रित किया गया है जिसमें 'सर्वं सर्वत्र सर्वदा' इस भारतीय सूत्र की व्याख्या की गई है, जिसे अर्वाचीन और प्राचीन विश्व-मानवविज्ञान का आधार और नियामक सिद्धान्त कहा जा सकता है। यह ग्रन्थ भारतीय संस्कृति का मथा हुआ मक्खन है। मूल्य ५-०

विविधार्थ

भारतरत्न डॉ० भगवानदास जी

डा० भगवानदासजी ने अपने दीर्घ जीवन में भारतीय संस्कृति, धर्म और दर्शन का जो सार मथकर प्राप्त किया, उसे अति सरल और स्पष्ट शब्दों द्वारा उन लेखों में उँडेल दिया है जो उन्होंने समय-समय पर लिखे। इस प्रकार के १२ लेखों का संग्रह 'विविधार्थ' नाम से उन्होंने अपने जीवन काल में ही प्रकाशित कर दिया था। इन लेखों में 'बुद्धि प्रवल वा शास्त्र' लेख लगभग १०० पृष्ठों में, 'भगवद्गीता का आशय और उद्देश्य' १२५ पृष्ठों में, एवं संस्कृत सम्मेलन का अभिभाषण भी १०० पृष्ठों में समाप्त हुआ है। इनमें स्वतन्त्र ग्रन्थों जैसी प्रामाणिकता और गम्भीर विवेचनात्मक शैली है। ये लेख भारतीय संस्कृति के ज्ञान के लिए ऐसे दीप्तिपट के समान हैं जिनके द्वारा नवीन प्रकाश और वायु में प्राचीन तत्त्वों का परिचय प्राप्त होता है। संस्कृत के विद्वान्, अंग्रेजी कालेजों के अध्यापक और बुद्धिजीवी छात्र, एवं विद्वत्समाज सभी के लिए इस उत्तम ग्रन्थ का पारायण उपयोगी सिद्ध होगा। मूल्य ५-०

हिन्दूसंस्कार

(सामाजिक तथा धार्मिक अध्ययन)

डॉ० राजबली पाण्डेय

वाराणसी की शास्त्री परीक्षा में पाठ्यस्वीकृत

यह ग्रन्थ हिन्दू संस्कृति के अध्ययन की दिशा में महत्त्वपूर्ण देन है। गर्भ में आने के समय से मृत्यु के समय तक और मृत्यूत्तर संस्कारों के माध्यम से उसके परवर्ती लोकोत्तर प्रयाण तक के हिन्दू जीवन को समझने के लिये यह ग्रन्थ कुञ्जी का काम देता है। हिन्दू जीवन के आदर्श, महत्त्वाकांक्षा, आशा और आशंका आदि सभी मानसिक प्रक्रियाओं पर यह पर्याप्त प्रकाश डालता है। हिन्दुओं की सामाजिक तथा धार्मिक संस्थाओं के विविध अंगों के रहस्य इससे स्पष्ट हो जाते हैं। मानव-जीवन बराबर रहस्यपूर्ण रहा है। उसका प्रादुर्भाव, विकास और तिरोभाव मानव-मन को बराबर आन्दोलित करते हैं। संस्कारों ने इस रहस्य की गम्भीरता को थहाने और प्रवहमान रखने में बराबर योग दिया है। हिन्दू जीवन को, एक प्रकार के मार्ग और पद्धति के रूप में, अक्षुण्ण रखने में संस्कारों का बड़ा हाथ है। वेदों से प्रारम्भ कर मध्ययुगीन और किन्हीं स्थलों में आधुनिक भारतीय साहित्य के भी अध्ययन के परिणाम इस ग्रन्थ में समाविष्ट हैं। मूल्य १५–००

अवन्तिकुमारियाँ

श्री देवदत्त शास्त्री

इस पुस्तक में तीन अवन्तिकुमारियों (अवन्तिसुंदरी, मालविका, सरस्वती) के जीवन की मर्मस्पर्शी कहानियों के बीच लेखक ने उस युग की सांस्कृतिक, धार्मिक एवं नैतिक स्थितियों का बड़ा ही सुन्दर गवेषणात्मक चित्र प्रस्तुत किया है। यद्यपि तीनों कहानियाँ पृथक्-पृथक् हैं किन्तु ऐसा प्रतीत होता है मानों वे किसी उपन्यास के तीन परिच्छेद हों। भाषा की प्राञ्जलता, सरसता और शब्दचयन की मधुरता से कहानियाँ अत्यन्त रसमयी एवं मुखर हो उठी हैं। मूल्य २–००

भारतस्य सांस्कृतिकनिधिः

डा० रामजी उपाध्याय

इस ग्रन्थ का प्रणयन आदिकाल से लेकर १२वीं शताब्दी ईसवी तक की भारतीय सभ्यता और संस्कृति का दिग्दर्शन कराने के उद्देश्य से किया गया है। इसमें सरलतम संस्कृत भाषा के माध्यम से भारतीय संस्कृति का स्वरूप, संस्कार, आश्रम,—प्राचीन भारत के विश्वविद्यालय और महर्षियों के जीवन की झाँकी, सामाजिक-संस्थान, वर्ण-व्यवस्था, रहन-सहन, व्यवसाय, मनोविनोद, राजनीतिक जीवन, धार्मिक और दार्शनिक प्रवृत्तियाँ, शिल्पकला, विज्ञान, काव्य-साधना, भारतीय संस्कृति का विदेशों में प्रसार—आदि विषयों का वैज्ञानिक और विस्तृत विवेचन १५ अध्यायों में किया गया है।

लेखक की भारतीय-संस्कृतिसंबंधी विवेचना अनेक दृष्टियों से अद्वितीय है। देश-विदेश के विद्वानों ने मुक्तकण्ठ से इसकी भाषा और विषय-विवेचन की प्रशंसा की है। यदि आप भारतीय संस्कृत के विशुद्ध स्वरूप का सर्वाङ्गीण परिचय पाना चाहते हैं तो इस पुस्तक का संग्रह करें।

यह पुस्तक बी. ए., एम. ए., शास्त्री आदि परीक्षाओं के लिए अनेक विश्वविद्यालयों में निर्धारित भी है। पृष्ठसंख्या ५१२, सजिल्द १२-००

संस्कृत सूक्तिरत्नाकरः

डा० रामजी उपाध्याय

संस्कृत सूक्तिरत्नाकर में वैदिक काल से लेकर आज तक के प्रमुख काव्य ग्रन्थों से उन अमर सूक्तियों का संचय किया गया है, जो मनुष्य की वाणी और वर्णना को चमत्कारपूर्ण बनाती रही हैं।

संस्कृत की इन सूक्तियों में नीति, आचार-शास्त्र, कर्त्तव्याकर्त्तव्य तथा निरापद कार्यपद्धति की भरपूर शिक्षा मिलती है। प्रस्तुत पुस्तक में ऐसी सूक्तियों का संग्रह विशेष रूप से किया गया है।

प्रत्येक युग की आवश्यकताओं और समस्याओं की अपनी निजी विशेषताएँ होती हैं और उन्हीं को दृष्टिपथ में रखकर सूक्तियों का संचय करना समीचीन होता है। राष्ट्र के अभ्युत्थान के लिए चरित्र-निर्माण की आवश्यकता है। सूक्तिरत्नाकर पाठकों का पथ-प्रदर्शन करके उनमें उदात्त भावनायें भर दे—इसी उद्देश्य से यह उपक्रम है। मूल्य ३-००

अक्षर अमर रहें

श्री वाचस्पति शास्त्री गैरोला

भूमिकालेखक—पद्मभूषण आचार्य डा० हजारी प्रसाद द्विवेदी.

ज्ञान का क्षेत्र जितना विस्तृत है उतना ही पुरातन भी। ज्ञान की इस व्यापक एवं पुरातन थाती को आज हम तक पहुँचाने वाले इतिहास और पुरातत्त्व के जितने भी साधन जीवित हैं, उनमें हस्तलिखित ग्रन्थों का विशेष महत्त्व है। भारत की ज्ञान-सम्पदा के अवशेष इन ग्रन्थों का क्या इतिहास रहा है और हमारे साहित्य के लिए उनकी कितनी उपयोगिता है, इस अछूते विषय पर मौलिक सामग्री उक्त निबन्ध-संग्रह में प्रस्तुत की गई है। दूसरे वर्ग के निबन्धों में पाणिनि, कालिदास, भवभूति, कल्हण आदि के कृतित्व एवं उनकी जीवनी पर प्रकाश डालने के साथ-साथ संस्कृत के नाटकों, महाकाव्यों तथा गद्यकाव्यों की परम्परा का विकास किस ढङ्ग से हुआ और उनकी मूल प्रवृत्तियाँ क्या थीं इसका समावेश है। इसी संग्रह के तीसरी कोटि के निबन्धों में संस्कृत पर अपूर्व कार्य करने वाले मैक्समूलर, कोलब्रुक, बूलर, वेबर, मेक्डानल और कीथ आदि उन विदेशी विद्वानों की जीवनियाँ सङ्कलित हैं, जिनका नाम भारतीय साहित्य में अमर हो चुका है। इन विषयों के अतिरिक्त कला के क्षेत्र में भारत की जिस अनुपम देन से आज संसार भर के संग्रहालय एवं ग्रन्थालय द्योतित हो रहे हैं, उसकी रूपरेखा प्रस्तुत करनेवाले निबन्धों का इस संग्रह में चौथा वर्ग है।

इस दृष्टि से यह निबन्ध-संग्रह संस्कृत के सामान्य विद्यार्थियों और शोधकार्य में लगे हुए स्नातकों के लिए पुरातत्त्व, इतिहास, साहित्य, और कला की दृष्टि से विशेष उपयोगी है। मूल्य ५-००

भोज-प्रबन्धः

'राज्यश्री' हिन्दी व्याख्यासहित

उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित डॉ० भोलाशंकर व्यास सम्पादित समालोचनात्मक भूमिका तथा पं० केदारनाथशास्त्रिकृत भावगर्भित 'राज्यश्री' नामक हिन्दी टीका से सुसज्जित यह अभिनव संस्करण वाक्पटुता तथा सभा-चातुर्य की दृष्टि से अद्वितीय है। मूल्य १-५०

कौमुदी-कथा-कल्लोलिनी

प्रो० रामशरण शास्त्री

इस ग्रंथ में व्याकरण और साहित्य का अपूर्व समन्वय है। सरल, सरस, सुबोध, एवं रोचक गद्य-कथानकों में सिद्धान्त-कौमुदी के 'इको यणचि' सूत्र से लेकर उत्तर कृदन्त के अन्तिम सूत्र तक के प्रायः सभी उदाहरणों को देकर कथासाहित्य की एक नवीन विधि का यह अनूठा प्रयोग है। इसकी भाषा इतनी ललित और मधुर है कि पाठक कथा के रस में भींगे हुए शास्त्रज्ञान को सरलतापूर्वक ग्रहण करता हुआ कल्लोलिनी की भावतरंगों में मग्न हो जाता है। इसकी कथा का आधार कथासरित्सागर में आए हुए नरवाहनदत्त की कथा है। इसके पढ़ लेने पर संस्कृत साहित्य की विभिन्न कथाशैलियों एवं उनमें अनुप्राणित आर्यावर्त की सांस्कृतिक परम्परा तथा सामन्तयुगीन शक्ति का एक चित्रण उपस्थित हो जाता है। ग्रंथ के अन्त में छपा हुआ संस्कृतहिन्दी-अभिधान इसे और भी उपयोगी बना देता है। मूल्य ८-७५

प्राकृतप्रकाशः

भामहकृत 'मनोरमा' तथा म. म. मथुराप्रसाद दीक्षितकृत 'चन्द्रिका' संस्कृत-हिन्दीव्याख्या सहित

प्रस्तुत संस्करण की विशेषता यह है कि अनेक ग्रन्थों पर व्याख्या करने में ख्याति प्राप्त किये हुए विज्ञ व्याख्याकार म० म० मथुरानाथ दीक्षित द्वारा जो संस्कृत हिन्दी व्याख्या इस ग्रन्थ पर की गई है उससे ग्रन्थ का आशय इतना सुस्पष्ट हो गया है कि हिन्दी मात्र ही एक बार पढ़ लेने पर आप ग्रन्थ के किसी भी मुख्यामुख्य विषय से अनभिज्ञ नहीं रह जायेंगे। प्राकृतप्रकाश की सांगोपांग यह हिन्दी व्याख्या सर्वप्रथम लिखी गई है। भाषा, भाव आदि सभी दृष्टि से हिन्दी का प्रवाह ग्रन्थाशय के पूर्ण अनुकूल एवं सहृदयाह्लादक है। इसकी भूमिका में सम्पूर्ण ग्रंथ की आलोचना एवं वररुचि का प्रामाणिक इतिवृत्त भी वर्णित है। अन्त में अपभ्रंश-शब्द-विचार, शब्दकोश आदि से भी ग्रन्थ के दुरूहांशों को आधुनिक ढंग से खुलासा कर दिया गया है। मूल्य ५-००

मानक हिन्दी व्याकरण

आचार्य रामचन्द्र वर्मा

'मानक हिन्दी व्याकरण' विद्यार्थियों की अनेक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया गया है। आजकल सभी पुराने विषयों का विवेचन बहुत कुछ नये ढंग से होने लगा है और नये ढंग विषयों को सरल तथा सुबोध बनाने के उद्देश्य से ही अपनाये जाते हैं। इस व्याकरण का उद्देश्य विद्यार्थियों को बहुत सहज में और नये मनोरंजक ढङ्ग से व्याकरण की जटिल तथा शुष्क बातों से परिचित कराना है। इसमें अनेक शब्दभेदों की बिलकुल नई प्रकार की व्याख्या दी गई है; और विषय-विभाजन भी बहुत कुछ नये ढङ्ग से किया गया है। यही इस व्याकरण की मुख्य विशेषता है। मेरा विश्वास है कि अध्यापक तथा विद्यार्थी इसे अन्यान्य अनेक व्याकरणों की तुलना में अधिक महत्त्व की दृष्टि से देखेंगे और इससे अधिक लाभ उठावेंगे। मूल्य २-००

अनुवाद-चन्द्रिका (नवम संस्करण)

लोकमणि जोशी

यह पुस्तक संस्कृत तथा अंग्रेजी छात्रों को संस्कृत-हिन्दी-अनुवाद सिखाने के लिए बहुत ही सरल पद्धति से लिखी गई है। अत्यधिक छात्रोपयोगी होने के कारण ही अल्प समय में इसके अनेक संस्करण बिक चुके हैं। मूल्य १-२५

अनुवादप्रभा (अष्टम संस्करण)

पं० गौरीशंकर शास्त्री

आज तक जितनी भी इस विषय की पुस्तकें निकली हैं उन सबमें यह उत्तम है। इससे साधारण छात्र भी अल्प समय में ही सरलता से संस्कृत में सुन्दर अनुवाद करना सीख सकते हैं। मूल्य सुलभ सं० १-२५, उत्तम संस्करण १-५०

संस्कृत-स्वयं-शिक्षकप्रभा

(बालकोपयोगी अभिनव ग्रन्थ)

प्रारम्भिक हिन्दी स्कूलों में छोटे-छोटे बच्चों को संस्कृत पढ़ने-पढ़ाने की कठिनाई को दूर करने के लिये यह पुस्तक लिखी गई है। मूल्य ०-७०

संस्कृतपाठमाला

महापण्डित राहुल सांकृत्यायन

सुगमतापूर्वक संस्कृत भाषा को अधिकृत करने के लिये विद्वान् लेखक ने बालक-बालिकाओं के मानसिक स्तर का ध्यान रखते हुए पाँच भागों में इस पुस्तक की रचना की है। इन्हें पढ़कर आप निश्चय ही संस्कृत भाषा और साहित्य का रस ले सकेंगे। कागज, टाइप, आवरण आदि सभी मनोरम।

प्रथम भाग ०–५० द्वितीय भाग ०–७५ तृतीय भाग ०–७५
चतुर्थ भाग ०–७५ पंचम भाग ०–९० मूल्य १–५ भाग ३–६५

संस्कृत-व्याकरण की उपक्रमणिका

पं० गोपालचन्द्र शास्त्री

मातृभाषा के द्वारा सहज ही संस्कृत की शिक्षा देने के लिए संस्कृत के महान् विद्वान् स्व० ईश्वरचन्द्र विद्यासागर ने यह 'संस्कृत व्याकरण की उपक्रमणिका' बंगला में लिखी थी। उसी का यह हिन्दी अनुवाद है। इसमें सन्धि, शब्दरूप, धातुरूप, समास आदि विषयों के संक्षिप्त नियम हिन्दी में लिख दिये गये हैं। उच्च विद्यालयों की कक्षा ७, ८ के छात्र इस छोटी पुस्तक से संस्कृत व्याकरण के प्राथमिक नियमादि अल्प समय में ही सीख लेवेंगे। मूल्य १–२५

संस्कृत-व्याकरणम्

पं० रामचन्द्र झा व्याकरणाचार्य

('कामेश्वरसिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय' की प्रथमा परीक्षा में अनिवार्य द्वितीय पत्र के लिए परीक्षा-पाठ्य-स्वीकृत ग्रंथ)—इसमें (१) स्वरसन्धि (इको यणचि, आद्गुणः, वृद्धिरेचि, अकः सवर्णे दीर्घः, एचोऽयवायावः सूत्रों के आधार पर), (२) व्यञ्जन एवं विसर्ग सन्धि (स्तोः श्चुना श्चुः, ष्टुना ष्टुः, झलां जशोऽन्ते, यरोऽनुनासिकेऽनुनासिको वा, शश्छोऽटि, खरि च, मोऽनुस्वारः, नश्चापदान्तस्य झलि, तोर्लि, झयो होऽन्यतरस्याम्, अतो रोरप्लुतादप्लुते, हशि च, इन सूत्रों के आधार पर) तथा (३) शब्दरूप, धातुरूप एवं कृदन्त, स्त्रीप्रत्यय, समास, कारक का कारिकाबद्ध विवेचन तथा परीक्षोपयोगी अभ्यासार्थ प्रश्न भी संस्कृत हिन्दी दोनों में दिए गए हैं। मूल्य १–५०

संस्कृत-प्रकाश

आचार्य कुवेरनाथ द्विवेदी

प्रस्तुत पुस्तक इलाहावाद बोर्ड द्वारा हाईस्कूल एवं इंटर परीक्षा में निर्धारित संस्कृत व्याकरण का अत्यन्त सरल, सुवोध एवं परीक्षोपयोगी पाठ्य ग्रंथ है। इसकी समझाने की शैली अत्यन्त सुलझी हुई और आधुनिक पाठ्यप्रणाली के अनुकूल है। परीक्षार्थियों के लिए तो यह अत्यन्त लाभप्रद है ही, अध्यापक वर्ग भी इससे वहुत लाभ उठा सकते हैं। मूल्य २–५०

संस्कृत-व्याकरणकौमुदी

पं० गोपालचन्द्र शास्त्री

स्व० ईश्वरचन्द्र विद्यासागर द्वारा रचित संस्कृत के वृहद् व्याकरण का यह हिन्दी अनुवाद है। इसमें ४ भाग हैं। प्रथम भाग में वर्ण, सन्धि, णत्व, षत्व, लिंग, वचन, शव्दरूप, सर्वनाम, विशेषण, अव्यय, उपसर्ग, आदि हैं। द्वितीय भाग में धातु, क्रिया, विभक्ति, काल, रूप आदि हैं। तृतीय भाग में सनन्त, यङन्त, नामधातु, परस्मैपद, आत्मनेपद, वाच्य, लकारार्थनिर्णय, कृत् प्रत्यय आदि हैं। चतुर्थ भाग में कारक, तद्धित, स्त्रीप्रत्यय, समास, आदि हैं। इस पुस्तक से छात्र संस्कृत के सूक्ष्म से भी सूक्ष्म नियम जान जायेंगे। उच्च विद्यालय की कक्षा ९ में प्रथम दो भाग तथा १० में अन्तिम दो भाग पढ़ाये जायं तो छात्र संस्कृत व्याकरण पूर्णतया सीख सकेंगे। १–४ भाग।

संस्कृत-रचना-प्रकाश

प्रो० रमाकान्त द्विवेदी

संस्कृत मध्यमा एवं अंग्रेजी हाईस्कूल की परीक्षा में पाठ्यस्वीकृत यह ग्रन्थ संस्कृत से हिन्दी और हिन्दी से संस्कृत अनुवाद के लिये आधुनिक, सरल तथा बहुत ही सुन्दर पद्धति में प्रकाशित हुआ है। प्रत्येक पाठ के अन्त में दिये गये 'अभ्यास' इस ग्रन्थ की सबसे बड़ी विशेषता है। नवीन संस्कृत-शिक्षापद्धति की योजनानुसार अनेक शिक्षा-संस्थाओं के विद्वानों द्वारा अनुमोदित कराकर ही यह ग्रन्थ परीक्षा में स्वीकृत किया गया है। मूल्य १–९५

संस्कृतव्याकरणोदयः

प्रो० श्रीजयमन्त मिश्र

इस पुस्तक में लघुकौमुदी के प्रमुख सूत्रों के निर्देशपूर्वक हिन्दी में नियम बताते हुए संस्कृत शब्दों-वाक्यों की रचना समझाई गई है। रचना इस कौशल से की गई है कि सूत्रों का ध्यान न रहे तो भी सिद्धान्त समझ में आ जाते हैं। पाणिनीय व्याकरण का कोई प्रकरण ऐसा नहीं छूटा है जिस पर विवेचन न किया गया हो। पाणिनीय व्याकरण न पढ़ सकने वाले जिज्ञासु इस पुस्तक के द्वारा भली भाँति संस्कृत भाषा पर अधिकार कर सकते हैं। मूल्य ४-५०

सिद्धान्तकौमुदी-कारकप्रकरणम्

हिन्दी व्याख्या सहित

आचार्य उमेशचन्द्र पाण्डेय

एम० ए० कक्षाओं में निर्धारित सिद्धान्तकौमुदी के कारकप्रकरण का हिन्दी माध्यम से सम्यक् बोध कराने का प्रयास प्रस्तुत पुस्तक में किया गया है। सूत्रों की पर्याप्त सरल व्याख्या करके व्याकरण के जटिल नियम अत्यन्त सरलतापूर्वक समझाए गए हैं। अन्त में विस्तृत परिशिष्ट देकर विशिष्ट टिप्पणियों द्वारा कठिन स्थलों को सुबोध बना दिया गया है। छात्र-सामान्य के लिये भी बड़ी उपयोगी पुस्तक है। मूल्य १-५०

सिद्धान्तकौमुदी-वैदिकप्रक्रिया

हिन्दी व्याख्या सहित

प्रो० उमाशंकर शर्मा 'ऋषि'

व्याख्या में समास-विग्रह, व्युत्पत्ति, प्रयोगों की साधनिका तथा परीक्षोपयोगी विवरण भी दिये गए हैं। यन्त्रस्थ

संस्कृतरचनानुवादशिक्षकः

(संस्कृत से हिन्दी, हिन्दी से संस्कृत अनुवाद-रचना की श्रेष्ठ पुस्तक)

उत्तरप्रदेश, बिहार, बंगाल, पंजाब आदि की संस्कृत तथा हाईस्कूल की परीक्षाओं में पाठ्यस्वीकृत अनुवाद की सर्वश्रेष्ठ इस पुस्तक में छात्रों को अनुवाद करने के नियम अत्यन्त सरल रूप में समझाए गये हैं और तदनुसार अनुवादार्थ अभ्यास भी दिए गये हैं। अभ्यासार्थ वाक्यों में आए हुए प्रत्येक कठिन शब्द के संस्कृत से हिन्दी तथा हिन्दी से संस्कृत पर्याय भी पुस्तक के अन्त में ९० प्रकरणों में दे दिये गए हैं और संधि आदि का ज्ञान कराने का सुगम पथ भी प्रदर्शित कर दिया गया है। मूल्य २-००

लघुसिद्धान्तकौमुदी

'इन्दुमती' संस्कृत-हिन्दी टीका सहित

इस अभिनव संस्करण की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इस टीका के आधार पर छात्रों को पढ़ाया जाय तो व्यर्थ में उनका अधिक समय नष्ट न होगा। बालकों को परीक्षा के लिये लेख रटाने या लिखाने-पढ़ाने की आवश्यकता न होगी। ग्रंथ के भावों का दिग्दर्शन मात्र कराने पर ही विद्यार्थी 'इन्दुमती' टीका के आलोक में सभी बातें संक्षेप में समझ जायँगे। ई० २० से आज तक के प्रश्नोत्तर भी इस टीका में यथास्थान दिये गये हैं तथा हिन्दी नोट्स में सन्धि, कारक, समास, तद्धित, तिङन्त, लकारार्थ, कृदन्त आदि की सरल समीक्षा भी इस तरह की गई है कि विद्यार्थी को तत्क्षण ही उस विषय का पूरा ज्ञान हो जायगा। अनुवादोपयोगी सभी विषय प्रायः परिशिष्ट में दिये गये हैं। मूल्य २-००

मध्यसिद्धान्तकौमुदी

'सुधा' 'इन्दुमती' संस्कृत-हिन्दी टीका, नोट्स, प्रश्नोत्तरलेखनप्रकारादि परिशिष्ट सहित

इसकी 'सुधा' संस्कृत टीका में प्रत्येक प्रयोग तथा धातुरूप की परीक्षोपयोगी साधनिका तथा सूत्रार्थों की अति सरल व्याख्या की गई है। इस संस्करण का अध्ययन करने से परीक्षार्थियों को 'प्रश्नोत्तरी' की भी आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सभी प्रयोगों की व्याख्या प्रश्नोत्तर-लेखन के रूप में ही की गयी है। इसकी 'इन्दुमती' नामक हिन्दी टीका में टीका के साथ 'नोट्स' देकर संस्कृत व्याकरण का भी सरल रूप से ज्ञान कराया गया है जो आज तक के किसी भी संस्करण में नहीं है। मूल्य ५-००

मनुस्मृतिः

'मणिप्रभा' हिन्दी टीका 'विमर्श' सहित

कुल्लूकभट्ट की टीका के अनुरूप यह हिन्दी टीका है तथा दुरूह स्थलों में भावार्थ और भी स्पष्ट करने के उद्देश्य से 'विमर्श' नामक टिप्पणी भी की गई है। इसकी उपादेयता पर प्रसन्न होकर बिहारप्रांत के माननीय शिक्षामंत्री महोदय ने अपनी अमूल्य प्रस्तावना भी लिखने की कृपा की है। मूल्य ५-००

श्रीभर्तृहरिविरचित–

१. नीतिशतकम् २. शृङ्गारशतकम् ३. वैराग्यशतकम्

सरल सुबोध हिन्दी व्याख्या–पद्यानुवाद सहित

साहित्याचार्य श्री जगन्नाथ शास्त्री होशिंग–श्री राधेलाल त्रिवेदी

महायोगी महाराज भर्तृहरि-रचित इन ग्रन्थरत्नों के श्लोकों का मूल के साथ हिन्दी भावानुवाद, तथा साथ में हिन्दी पद्यानुवाद भी प्रकाशित किया गया है। हिन्दी पद्यों का मूल श्लोकों से भावसाम्य देखते ही बनता है। संस्कृत न जानने वाले व्यक्ति भी ग्रन्थों के मूल भावों को हृदयङ्गम कर आनन्द के भागी हो सकते हैं। गद्य एवं पद्य दोनों अनुवादों की भाषा अत्यन्त सरल, ललित तथा भावों के सर्वथा अनुकूल है। मूल्य प्रति शतक १–००

हमारे आधुनिक कवि और उनकी कविताएँ

श्री व्यथित हृदय

(वाराणसी की शास्त्री परीक्षा में पाठ्यस्वीकृत)

इसमें सरल और सुबोध ढङ्ग से हिन्दी के उन सर्वमान्य कवियों और उनकी कविताओं की आलोचना की गई है, जो उच्च कक्षाओं में अध्ययन के लिये सर्वत्र स्वीकृत हैं। समीक्षा और विषय-विवेचन में विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को ही प्रमुख रूप से महत्त्व दिया गया है। मूल्य ३–५०

सावित्री-सत्यवान्

श्री राजनारायण शुक्ल

(वाराणसी तथा बिहार की मध्यमा परीक्षा में पाठ्यस्वीकृत)

